भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग
राज्य सभा
अतारंकित प्रश्न संख्या-350
उत्तर देने की तारीख-06/12/2023

शिक्षा के लिए बजट आवंटन

350 # श्री राम नाथ ठाकुर:

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या नई शिक्षा नीति को लागू करते समय शिक्षा बजट को बढ़ाकर आम बजट का 6 प्रतिशत किए जाने का सुझाव दिया गया था;
(ख) वर्तमान में आम बजट का कितना प्रतिशत शिक्षा पर खर्च किया जा रहा है;
(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान शिक्षा व्यय में हुई वृद्धि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और
(घ) विगत पांच वर्षों के दौरान केंद्रीय विश्वविद्यालयों में छात्रों पर लगाए गए शुल्कों में की गई वृद्धि और अन्य वित्तीय बोझ का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुभाष सरकार)

(क) राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 स्पष्ट रूप से केंद्र सरकार और सभी राज्य सरकारों द्वारा शिक्षा में सार्वजनिक निवेश में पर्याप्त वृद्धि का समर्थन और परिकल्पना करती है। केंद्र और राज्य शिक्षा क्षेत्र में सार्वजनिक निवेश को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 6% तक बढ़ाने के लिए मिलकर कार्य कर रहे हैं।

(ख) "2018-19 से 2020-21 तक शिक्षा पर बजट व्यय का विश्लेषण" के अनुसार, भारत में शिक्षा पर सार्वजनिक व्यय (केंद्र और राज्य) 2020-21 में सकल घरेलू उत्पाद का 4.64% है, जो 2013-14 में 3.84% से बढ़ चुका है। (इस अवधि में लगभग 21% की समग्र वृद्धि)

(ग) शिक्षा पर बजट व्यय के विश्लेषण, 2020-21 के अनुसार, 2016-17 से 2020-21 तक शिक्षा (केंद्र और राज्य संघ राज्य क्षेत्र) पर कुल व्यय निम्नानुसार है:

(रु. करोड़ में)

वर्ष	2016-17 (वास्तविक)	2017-18 (वास्तविक)	2018-19 (वास्तविक)	2019-20 (संशोधित अनुमान)	2020-21 (बजट अनुमान)
शिक्षा पर कुल व्यय (केंद्र एवं राज्य/संघ राज्य क्षेत्र)	653099.33	662151.45	736581.25	863117.55	919145.19

(घ) केंद्रीय विश्वविद्यालय संसद के संबंधित अधिनियमों के तहत सृजित स्वायत्त निकाय हैं और वे अपने संबंधित अधिनियमों के प्रावधानों द्वारा यथानिर्धारित सक्षम सांविधिक निकायों की स्वीकृति के साथ उपलब्ध सुविधाओं में सुधार हेतु अपने विश्वविद्यालयों से संबंधित शुल्क/रियायतों/छात्रों को वित्तीय लाभ आदि में वृद्धि सहित प्रशासनिक, शैक्षणिक और वित्तीय निर्णय लेने में सक्षम हैं।

*****